**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 06.08.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर स्थित कर्तव्य भवन–3 का उद्घाटन करेंगे।
- सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से साइबर अपराध पर मास्टर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।
- मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने डिजिलॉकर के साथ एकीकृत ई–डिस्ट्रिक्ट डिजिटल प्रमाणपत्रों का शुभारंभ किया।
- प्रशासन के मुख्य सचिव ने स्मार्ट पीडीएस 2.0 की शुरूआत की।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर स्थित कर्तव्य भवन–3 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर एक सार्वजनिक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। कर्तव्य भवन–3 व्यापक बदलाव किए गए सेंट्रल विस्टा का हिस्सा है। यह आगामी कई सामूहिक सेंट्रल सेक्रेटेरियट भवनों में पहला है, जिसका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और शासन को चुस्त और अधिक सक्षम बनाना है। कर्तव्य भवन–3 लगभग डेढ़ लाख वर्ग मीटर में स्थित आधुनिक सात मंजिला कार्यालय परिसर है जिसके दो बेसमेंट तल हैं। इसमें गृह, विदेश, ग्रामीण विकास, सूक्ष्म, लघु एवम मध्यम उद्यम, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सहित प्रमुख मंत्रालय और प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय होंगे। यह भवन बिजली बचत और पुनर्चक्रण सुविधाओं में अग्रणी होगा, जिससे 30 प्रतिशत ऊर्जा बचत होगी और सालाना पांच लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन भी होगा। यह रूफटॉप सोलर, सौर ऊर्जा ताप व्यवस्था, उन्नत हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग सिस्टम, और वर्षा जल संचयन से युक्त है। साथ ही इसमें अपशिष्ट प्रबंधन, आंतरिक ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण और ई–वाहन चार्जिंग स्टेशन जैसी सुविधाएं हैं।

<><><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से "अगली पीढ़ी के साइबर खतरों के लिए डिजिटल लचीलापन" विषय पर तीन दिवसीय मास्टर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सी–डैक पटना के सहयोग से डीब्रेट के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन सी आई डी पुलिस अधीक्षक जीतेंद्र मीणा ने किया। इस अवसर पर आई टी के विशेष सचिव सुशांत पदा भी उपस्थित थे। सूचना सुरक्षा शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम की यह पहल विभिन्न विभागों के तकनीकी अधिकारियों को साइबर खतरों से निपटने की जानकारी प्रदान करने के लिए तैयार की गई है। विशेष सचिव (आईटी) ने अपने संबोधन में समावेशी जागरूकता के महत्व पर ज़ोर देते हुए कहा कि साइबर सुरक्षा कई हितधारक समूहों – तकनीकी अधिकारियों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, शिक्षकों, छात्रों और बड़े पैमाने पर समुदाय को प्रभावित करती है। उन्होंने पाँच चयनित स्कूलों में ISEA साइबर सुरक्षा क्लबों के पायलट लॉन्च की भी घोषणा की, जिसमें मॉडल स्कूल, बॉयज स्कूल, गर्ल्स स्कूल, सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भातुबस्ती और सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, स्कूल लाईन शामिल है। इस कार्यक्रम में लगभग 100 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके अलावा मध्योत्तर अंडमान में भी साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कार्यशाला का समापन कल किया जाएगा।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से हाल ही में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भातुबस्ती में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में खादी के महत्व, भारत के स्वतंत्रता संग्राम में इसके ऐतिहासिक महत्व और आज के सतत जीवन आंदोलन में इसकी प्रासंगिकता पर प्रस्तुति दी गई। छात्रों को चरखे का लाइव प्रदर्शन भी दिखाया गया। कार्यक्रम

में खादी के कपड़ों और परिधानों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने के महत्व पर ज़ोर दिया।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने कल सचिवालय में आयोजित एक समारोह में डिजिलॉकर के साथ एकीकृत ई–डिस्ट्रिक्ट डिजिटल प्रमाणपत्रों का आधिकारिक रूप से शुभारंभ किया। यह पहल डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को मजबूत करने की दिशा में एक कदम है। डिजिलॉकर नागरिकों के आधिकारिक दस्तावेजों के लिए एक सुरक्षित और कागज़ रहित सुविधा प्रदान करता है। डिजिलॉकर में कुल 21 प्रकार के प्रमाण पत्रों को रखने की सुविधा है। इस अवसर पर आयुक्त–सह–सचिव (आईटी) डॉ. सचिन शिंदे, दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट विनायक चमड़िया और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने कल आधिकारिक तौर पर स्मार्ट पीडीएस 2.0 का शुभारंभ किया, जो एक आधुनिक, नागरिक–केंद्रित सार्वजनिक वितरण प्रणाली है। राशन कार्ड से संबंधित सभी सेवाएँ अब नए विकसित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध होंगी। लाभार्थी आधार संख्या, राशन कार्ड नंबर, या परिवार के मुखिया के पंजीकृत मोबाइल नंबर का उपयोग करके लॉग इन कर सकते हैं, जिसके बाद ओटीपी–आधारित सुरक्षित प्रमाणीकरण होगा। स्मार्ट पीडीएस 2.0 के उपलब्ध हो जाने से सभी राशन कार्ड सेवाओं तक वन–स्टॉप ऑनलाइन पहुँच आसान हो जाएगी। इसके अलावा परिवार का विवरण अपडेट करना, राशन वितरण और लाभार्थियों के अधिकारों की रीयल–टाइम ट्रैकिंग। कागज़ रहित संचालन, पारदर्शी शिकायत निवारण और आधार–आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण सुनिश्चित करता है।

<><><><><><><>

खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड न्यूनतम आठवीं पास शैक्षिक योग्यता वाले बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। विभाग की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा विशेषज्ञ मार्गदर्शन, प्रशिक्षण के बाद उद्यम शुरू करने का अवसर और इकाइयाँ स्थापित करने हेतु संबंधित योजनाओं के तहत सहायता प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण निःशुल्क है। इसके लिए आवेदन करने की तिथि को बढ़ाकर अब 20 अगस्त कर दिया गया है। आवेदन पत्र मिडिल प्वाइंट स्थित खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अलावा बकुलतला, डिगलीपुर, हटबे, कार निकोबार स्थित विस्तार कार्यालयों सेया विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के कालीकट में हाल ही में दो दिवसीय जिला कबड्डी चैंपियनशिप अंडर–19 का आयोजन किया गया, जिसमें जिले की टीमों ने भाग लिया। फाइनल में चोला वीरन टीम ने शक्तिवेल टीम को हराकर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया, जबकि लड़कियों के फाइनल में, कबड्डी रेंजर्स–बी टीम ने श्री विजयपुरम टीम को हराकर खिताब जीता। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी खेलों के प्रति खिलाड़ियों के समर्पण की सराहना की। दोनों श्रेणियों में विजेता और उपविजेता टीमों को पदक और ट्रॉफी प्रदान की गईं।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए अतिथि संकाय का पैनल तैयार किया जा रहा है। साक्षात्कार और डेमो के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची और अन्य विवरण कॉलेज की वेबसाइट के अलावा नोटिस बोर्ड पर भी दर्शा दिए गए हैं।

<><><><><><><>

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए डिप्लोमा प्रथम वर्ष की कक्षाएं कल से शुरू होंगी। सभी छात्रों से सुबह 8:30 बजे अपने–अपने विभागों में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय में ग्रुप सी के विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। एम.टी.एस, चपरासी, शिल्प प्रशिक्षक और रसोईया के परीक्षा परिणाम विभाग की वेबसाइट के अलावा नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

<><><><><><><>